INDIAN BUSINESS PARTY
IBP
इंडियन बिजनेस पार्टी
www.indianbusinessparty.org

Ref : IBP/PMO/17-18/021

28th August 2017

माननीय प्रधानमंत्री जी,

हम लोग आपका ध्यान देश में सर्वाधिक रोजगार देने वाली उन लघु कारोबारियो की ओर दिलाना चाह रहे हैं जो इन दिनों सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों की कुव्यवस्था का शिकार होकर अपने उद्योगो को बंद करने पर मजबूर हो रहे हैं। अकेले दिल्ली में छह महीने के दौरान ऐसे **100** से ज्यादा लघु कारोबारियों की ईकाईयां बंद हो चुकी हैं। इनका कसूर सिर्फ इतना था कि किसी कारण से ये लोग अपने लोन की किस्ते समय से जमा नहीं कर पाए थे। बैंको ने इन इकाईयों को बगैर बताए अपने लोन की वसूली के लिए उनकी संपत्ति नीलाम कर दी।

महोदय, इस तरह की एक घटना नहीं है बल्कि अब यह सिलसिला ही शुरू हो गया है। लघु कारोबारिओ की कोई सुन नहीं रहा है। लघु कारोबारी के कार्य प्रणाली बड़े कारोबारिओ के मुकाबले बहुत भिन्न है । एक लघु कारोबारी अपना सब कुछ दांव पर लगा कर एक कारोबार के स्थापना करता है । कभी-कभी बहुत से कारणों के चलते कारोबार में वित्तीय समस्या आ जाती है । बैंक अधिकारी रिज़र्व बैंक की नीतियों का हवाला देकर बहुत ही असंवेदन शीलता का परिचय दे रहे हैं और तकनीकी तौर पर सिर्फ 3 माह के भुगतान के विलंब के चलते तुरंत कानूनी कार्यवाही कर , उक्त कारोबारी के सम्मान, संपत्ति औने-पौने दामों पर नीलम कर देते है । इतना ही नहीं ऋण चुकता होने के बाद बची धन राशि ऋण दाताओं को लौटाते भी नहीं है ।

लघु कारोबारिओ के हित में भारत सरकार **1** करोड़ तक का ऋण बिना किसी प्रतिभूति के **CGTMSE** में माध्यम से सरकारी बैंको द्वारा उपलब्ध कराती है । आश्चर्य जनक बात है कि जिन कारोबारिओ के ऋण 1 करोड़ तक के है और उन्होंने बैंको के दबाब के कारण अपना घर या दूकान बैंको को गिरवी रख दी है , बैंक **CGTMSE** स्कीम का लाभ भी नही देते है |

माननीय प्रधानमंत्री जी आप जानते हैं कि लघु कारोबार भारत जैसे देश की अर्थव्यवथा में रीढ़ की हड्डी की भांति है और मोदी सरकार के मेक इन इंडिया कार्यक्रम का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा भी । दुर्भाग्य से बैंक अधिकारियों के असंवेदन शीलता के चलते सरकार का यह कार्यक्रम असफलता की ओर अग्रसर है । इस सबके पीछे किसी बड़े भ्रष्टाचार की आशंका है। आपसे अनुरोध है कि बैंको द्वारा की जा रही इस कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच कराएं ताकि इस अलग के तरह के भ्रष्टाचार को और बढ़ने से रोका जा सके।

Pragati Tower, 26 Rajendra Place, New Delhi-110008, INDIA.
+91-11-25784221 +91-7042828540 info@indianbusinessparty.org, indianbusinessparty@gmail.com
www.facebook.com/indianbusinessparty twitter.com/InBusinessParty www.linkedin.com/in/indianbusinessparty

साथ ही आपसे यह भी करबद्ध प्रार्थना है कि पीड़ित लघु करोबारियों का एक प्रतिनिधि मंडल आपसे व्यक्तिगत रूप से भेट कर आपको वास्तविक स्थिति से अवगत करना चाहता है । आपसे अनुरोध है कि इस प्रतिनिधि मंडल से मिलने और उनकी बात सुनने के लिए समय देने कि कृपा करें ताकि देश के रोजगार सृजन करने वाले लघु कारोबारी को बैंक अधिकारियों के शोषण से मुक्त कराया जा सके।

धन्यवाद्

वी के बंसल
राष्ट्रीय अध्यक्ष

सेवा में:
श्री नरेंद्र मोदी जी
माननीय प्रधान मंत्री, भारत सरकार
साउथ ब्लॉक, रायसीना हिल्स
नई दिल्ली

प्रधान मंत्री कार्यालय
Prime Minister's Office
डाक अनुभाग
DAK SECTION
Date 28/8/17

Pragati Tower, 26 Rajendra Place, New Delhi-110008, INDIA.
+91-11-25784221 +91-7042828540 info@indianbusinessparty.org, indianbusinessparty@gmail.com
www.facebook.com/indianbusinessparty twitter.com/InBusinessParty www.linkedin.com/in/indianbusinessparty